क्रम संख्या–33 (क) पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2018–2020

# सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

## असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बृहस्पतिवार, 26 मार्च, 2020 ई0

चैत्र 06, 1942 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 138/XXXVI(3)/2020/9(1)/2020

देहरादून, 26 मार्च, 2020

### अधिसूचना

### विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन मा0 राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2020' पर दिनांक 25 मार्च, 2020 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या: 12 वर्ष, 2020 के रूप में सर्व–साधारण के सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

# उत्तराखण्ड विनियोग अधिनियम, 2020

(अधिनियम संख्या 12, वर्ष 2020)

31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष में व्यय के लिये राज्य की संचित निधि से कतिपय धनराशियों के भुगतान और विनियोग को प्राधिकृत करने के लिए–

## अधिनियम

भारत गणराज्य के इकहत्तरवें वर्ष में उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रुप में अधिनियमित किया जाता है :–

**संक्षिप्त नाम**

1. इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड विनियोग अधिनियम, 2020 है।

**उत्तराखण्ड की संचित निधि में से वर्ष 2020–21 के लिये रु0535269737000 का दिया जाना**

2. उत्तराखण्ड राज्य की संचित निधि में से ऐसे विविध परिव्यय चुकाने के निमित्त, जो 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर अनुसूची के स्तम्भ– 2 में दी गयी सेवाओं और प्रयोजनों के सम्बन्ध में देने पड़ेंगे, इतना रुपया दिया और काम में लाया जा सकता है जो अनुसूची के स्तम्भ 3 में दी हुई धनराशियों, जिन सबका कुल योग रुपये 535269737000 **(रुपये तिरपन हजार पाँच सौ छब्बीस करोड़ सत्तानवे लाख सैंतीस हजार मात्र)** होता है, से अधिक न हो।

**विनियोग**

3– इस अधिनियम द्वारा उत्तराखण्ड की संचित निधि में से जिन धनराशियों को देने और काम में लाने का अधिकार दिया गया है उनका विनियोग 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के सम्बन्ध में उन्हीं सेवाओं और प्रयोजनों के लिये किया जायेगा, जो अनुसूची में दिये गये हैं।

# अनुसूची
## (धारा 2 और 3 देखें)

| अनुदान / क्रम संख्या | सेवायें और प्रयोजन | | निम्नलिखित धनराशियों से अनधिक (धनराशि हजार रुपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | विधान सभा द्वारा स्वीकृत | राज्य की समेकित निधि पर भारित | योग |
| 1 | 2 | | 3 | | |
| 01– | विधान सभा | राजस्व | 670244 | 23722 | 693966 |
| | | पूंजी | 106000 | 0 | 106000 |
| 02– | राज्यपाल | राजस्व | 0 | 119787 | 119787 |
| | | पूंजी | 0 | 0 | 0 |
| 03– | मंत्रिपरिषद | राजस्व | 402020 | 0 | 402020 |
| | | पूंजी | 600000 | 0 | 600000 |
| 04– | न्याय प्रशासन | राजस्व | 2391767 | 505000 | 2896767 |
| | | पूंजी | 558000 | 0 | 558000 |
| 05– | निर्वाचन | राजस्व | 454063 | 0 | 454063 |
| | | पूंजी | 100000 | 0 | 100000 |
| 06– | राजस्व एवं सामान्य प्रशासन | राजस्व | 11806153 | 36725 | 11842878 |
| | | पूंजी | 3539673 | 0 | 3539673 |
| 07– | वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें | राजस्व | 97810296 | 60457395 | 158267691 |
| | | पूंजी | 1246702 | 35033100 | 36279802 |
| 08– | आबकारी | राजस्व | 330507 | 0 | 330507 |
| | | पूंजी | 0 | 0 | 0 |
| 09– | लोक सेवा आयोग | राजस्व | 174499 | 327143 | 501642 |
| | | पूंजी | 52819 | 0 | 52819 |
| 10– | पुलिस एवं जेल | राजस्व | 21238348 | 0 | 21238348 |
| | | पूंजी | 505000 | 0 | 505000 |
| 11– | शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति | राजस्व | 87552830 | 0 | 87552830 |
| | | पूंजी | 3939618 | 0 | 3939618 |
| 12– | चिकित्सा एवं परिवार कल्याण | राजस्व | 22715889 | 0 | 22715889 |
| | | पूंजी | 2054342 | 0 | 2054342 |
| 13– | जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास | राजस्व | 16596531 | 0 | 16596531 |
| | | पूंजी | 13007002 | 0 | 13007002 |
| 14– | सूचना | राजस्व | 1002942 | 0 | 1002942 |
| | | पूंजी | 10000 | 0 | 10000 |
| 15– | कल्याण योजनायें | राजस्व | 18905931 | 0 | 18905931 |
| | | पूंजी | 1235016 | 0 | 1235016 |
| 16– | श्रम और रोजगार | राजस्व | 3552342 | 0 | 3552342 |
| | | पूंजी | 350001 | 0 | 350001 |
| 17– | कृषि कर्म एव अनुसंधान | राजस्व | 10371773 | 0 | 10371773 |
| | | पूंजी | 109305 | 0 | 109305 |

## अनुसूची
### (धारा 2 और 3 देखें)

| अनुदान / क्रम संख्या | सेवायें और प्रयोजन | | निम्नलिखित धनराशियों से अनधिक (धनराशि हजार रुपये में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | विधान सभा द्वारा स्वीकृत | राज्य की समेकित निधि पर भारित | योग |
| 1 | 2 | | 3 | | |
| 18– | सहकारिता | राजस्व | 703267 | 0 | 703267 |
| | | पूंजी | 1000000 | 0 | 1000000 |
| 19– | ग्राम्य विकास | राजस्व | 9832152 | 0 | 9832152 |
| | | पूंजी | 13298818 | 0 | 13298818 |
| 20– | सिंचाई एवं बाढ़ | राजस्व | 5592604 | 0 | 5592604 |
| | | पूंजी | 7199585 | 0 | 7199585 |
| 21– | ऊर्जा | राजस्व | 130420 | 0 | 130420 |
| | | पूंजी | 3530003 | 0 | 3530003 |
| 22– | लोक निर्माण कार्य | राजस्व | 9668563 | 90000 | 9758563 |
| | | पूंजी | 10797002 | 1 | 10797003 |
| 23– | उद्योग | राजस्व | 3318225 | 0 | 3318225 |
| | | पूंजी | 1105004 | 0 | 1105004 |
| 24– | परिवहन | राजस्व | 1444216 | 0 | 1444216 |
| | | पूंजी | 4400602 | 0 | 4400602 |
| 25– | खाद्य | राजस्व | 2224916 | 0 | 2224916 |
| | | पूंजी | 120000 | 0 | 120000 |
| 26– | पर्यटन | राजस्व | 1049105 | 0 | 1049105 |
| | | पूंजी | 1005419 | 0 | 1005419 |
| 27– | वन | राजस्व | 10361702 | 0 | 10361702 |
| | | पूंजी | 843507 | 0 | 843507 |
| 28– | पशुपालन सम्बन्धी कार्य | राजस्व | 3867655 | 0 | 3867655 |
| | | पूंजी | 275806 | 0 | 275806 |
| 29– | औद्यानिक विकास | राजस्व | 3808569 | 15755 | 3824324 |
| | | पूंजी | 120000 | 0 | 120000 |
| 30– | अनुसूचित जातियों का कल्याण | राजस्व | 10821749 | 0 | 10821749 |
| | | पूंजी | 2806400 | 0 | 2806400 |
| 31– | अनुसूचित जनजातियों का कल्याण | राजस्व | 3521987 | 0 | 3521987 |
| | | पूंजी | 1464372 | 0 | 1464372 |
| | योग– | राजस्व | 362321265 | 61575447 | 423896712 |
| | | पूंजी | 76339924 | 35033101 | 111373025 |
| | महायोग | | 438661189 | 96608548 | 535269737 |

आज्ञा से,

प्रेम सिंह खिमाल,

सचिव।

## उद्देश्य और कारण

भारत का संविधान का अनुच्छेद 204 इस बात की अपेक्षा करता है कि विधान सभा द्वारा अनुदानों की मांगें स्वीकृत किये जाने के बाद राज्य के विधान मण्डल में एक विनियोग विधेयक पुरःस्थापित किया जाय। राज्य द्वारा विविध व्यय चुकाने के निमित्त राज्य की समेकित निधि में से कतिपय धनराशियों के भुगतान और विनियोग का प्राधिकार देने की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है, अतः–

इस विधेयक में उत्तराखण्ड की समेकित निधि में से 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा स्वीकृत अनुदानों तथा राज्य की समेकित निधि पर भारित व्यय के लिये अपेक्षित समस्त धनराशियों के विनियोग की व्यवस्था है।

त्रिवेन्द्र सिंह रावत
मुख्य मंत्री।